## खबर संक्षेप

### अहिंसा प्रेमियों ने निगम गौशाला में मनाई हरियाली अमावस्या

**छिंदवाड़ा।** मध्य प्रदेश की धर्म नगरी छिंदवाड़ा में सर्वोदय अहिंसा सहित जियो ओर जीने दो की पवित्र भावना के साथ राजस्थानी गौसेवा संगठन के अहिंसा प्रेमियों ने श्रावण कृष्ण अमावस्या का शुभ दिन नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा द्वारा पाठाढाना में संचालित गौशाला में हरियाली अमावस्या के रूप में मनाया ओर विविध अनुष्ठानों का आयोजन कर जीव रक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण का पावन संदेश दिया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सर्वोदय अहिंसा के प्रदेश संयोजक एवं नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा के स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर विशेष अतिथि संघ प्रचारक नयनसुख वर्मा बालाघाट, विवेक पोफली के साथ कान सिंह राजपुरोहित, निंबाराम देवासी, भगाराम देवासी, महेश राजपुरोहित, रामाराम देवासी, अशोक सुथार, रविंद्र जाट, किशन सिंह राठौड़, लक्ष्मण चौधरी, कृष्ण चौधरी, ललित जाट, पारस चौधरी सहित बड़ी संख्या में राजस्थानी गौसेवा संगठन के अहिंसा प्रेमी उपस्थित रहे।

### सांसद ने की केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से मुलाकात

**छिंदवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू लोकसभा के मानसून सत्र के दौरान दिल्ली में छिंदवाड़ा और पांढुर्णा के विकास कार्यो के लिए लगातार केन्द्रीय मंत्रियों से मुलाकात कर रहे है। सांसद श्री साहू ने केन्द्रीय शहरी विकास राज्य मंत्री तोखन सिंह साहू और केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से विगत दिनों मुलाकात के बाद गुरूवार को संचार व पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास के केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से मुलाकात की है। सांसद श्री साहू ने केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से मुलाकात के दौरान उनसे छिंदवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले के विकास कार्यो को लेकर चर्चा करते हुए उन्हें दोनों जिले के ग्रामीणों क्षेत्रों में बीएसएनएल नेटवर्क को ठीक करने के लिए मोबाईल टॉवर की स्थापना के संबंध में एक पत्र भी सौंपा है। जिसमें उन्होंने उल्लेख किया है कि उनके संसदीय क्षेत्र के दोनों जिलों में दूरस्थ ग्रामीण अचंलों में आदिवासी बाहुल्य जनसंख्या निवास करती है। इन क्षेत्रों में बीएसएनएल के नेटवर्क को ठीक करने के संबंध में विगत वर्ष मुलाकात के दौरान दिए गये पत्र में दोनों जिलों के 107 स्थानों पर नये टॉवर लगाने का निवेदन किया गया था।

## डॉक्टर्स के खिलाफ मृतक की पत्नी ने परासिया पुलिस थाने में की शिकायत

# वेकोली कामगार की मौतः बड़कुही अस्पताल में हुआ विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



रावनवाड़ा टाउनशिप में कार्यरत एक वेकोली कामगार की हार्ट अटैक से मौत के बाद इंटक अध्यक्ष और विधायक सहित अन्य कामगारों ने विरोध प्रदर्शन किया । वहीं मृतक की पत्नी ने बड़कुही पुलिस चौकी में क्षेत्रीय चिकित्सा अधिकारी और अन्य दो डाक्टरों के खिलाफ शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है ।

मृतक अशोक डेहरिया की पत्नी निर्मला डेहरिया ने बताया , कि 18 जुलाई को मृतक अशोक डेहरिया पी एम ई कराने के लिए बड़कुही अस्पताल आया था । जिसे नागपुर रेफर किया गया जहां जांच के बाद मृतक को फिट कर दिया गया । 23 जुलाई को अशोक पुनः बड़कुही अस्पताल आया , तब क्षेत्रीय चिकित्सा अधिकारी जय श्री राय , डॉक्टर अक्षय और डॉक्टर पवन ने उस पर अंडर ग्राउंड जाकर काम करने का दबाव बनाया और डराया , धमकाया भी । जिससे कामगार मानसिक रूप से तनाव में रहा और रात भर परेशान रहा और 24 जुलाई गुरुवार को सुबह करीब 7:30 बजे उसे हार्ट अटैक आया और उसकी मौत हो गई । उसी हालत में कामगार को बड़कुही अस्पताल लाया गया ।

यह खबर लगते ही इंटक अध्यक्ष और विधायक सोहन वाल्मीकि , संगठन के अन्य पदाधिकारी और सदस्य बड़कुही अस्पताल पहुंचे । यहां विरोध प्रदर्शन किया गया । अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारे बाजी की गई । अस्पताल की सी एम ओ पर तानाशाही करने के आरोप भी लगाए गए । इस दौरान पुलिस भी वहां पहुंची । महाप्रबंधक अनूप हंजूरा द्वारा चिकित्सा अधिकारी को हटाए जाने के आश्वासन के बाद शव को पोस्ट मार्टम के लिए जाने दिया गया ।

### चिकित्सा अधिकारी के खिलाफ पूर्व में भी हुई थी शिकायत

अस्पताल की सी एम ओ जय श्री राय के खिलाफ 21 जुलाई को ही इंटक के सयुंक्त महामंत्री अलाउद्दीन खान के द्वारा महाप्रबंधक से लिखित शिकायत कर चिकित्सा अधिकारी की कार्य प्रणाली पर सवाल उठाए गए थे । वहीं अस्पताल का कुछ स्टाफ भी सी एम ओ पर तानाशाही करने का आरोप लगाता रहा है । वहीं यह भी पता चला है , कि सी एम ओ के पदभार ग्रहण करने के बाद अस्पताल में व्याप्त कई लापरवाहियों पर अंकुश भी लगा है ।

## चौरई पुलिस ने दिया कार्रवाई को अंजाम

# 279 लीटर देशी मसाला शराब की जप्त, आरोपी को भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई



बुधवार की देर रात एसडीओपी भारती जाट के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी गणपत उईके के नेतृत्व में चौरई पुलिस ने वार्ड नंबर 3 में छापामार कार्रवाई की ,जिसमें एक घर में 31 पेटी शराब अवैध तरीके से रखी हुई थी।थाना प्रभारी ने जानकारी में बताया कि देर रात प्रमोद ठाकुर पिता नारायण सिंह ठाकुर निवासी वार्ड नंबर 3 कुनबी मोहल्ला चौरई के घर से 279 लीटर देशी मसाला(31 पेटी) कीमत लगभग 155000 की शराब जप्त की गई एवं आरोपी पर नियमानुसार धारा 34(2) के तहत कार्रवाई की गई।जिसे आ ज न्यायालय में पेश किया गया। न्यायलय से आरोपी को जिला जेल भेज दिया गया है .उक्त कार्यवाही मे ए एस आई हिरैशी नागेश्वर, प्रधान आ र क्ष क गोपाल साहू, आरक्षक राजू भारती की सराहनीय भूमिका रही।

# पुलिस ने दिया नशामुक्ति का संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

पुलिस मुख्यालय, भोपाल के निर्देशानुसार 15 से 30 जुलाई तक "नशे से दूरी है जरूरी" विषय पर जिले में विशेष जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। पुलिस मुख्यालय व्दारा नारकोटिक्स शाखा के माध्यम से पूरे प्रदेश में नशामुक्ति जनजागृति अभियान चलाये जाने के निर्देश प्राप्त हुए हैं , निर्देशों के परिपालन में जिला छिंदवाड़ा में पुलिस अधीक्षक श्री अजय पांडेय के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री आयुष गुप्ता के मार्गदर्शन में प्रदेश स्तरीय 'नशे से दूरी है जरूरी' अभियान के अंतर्गत प्रत्येक थाना क्षेत्र में ग्राम/ नगर रक्षा समिति के सदस्यों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई जाकर जागरूक किया गया एवं हस्ताक्षर अभियान के तहत हस्ताक्षर कराए गए । ग्राम/नगर रक्षा समिति के सदस्यों को नशामुक्ति की शपथ दिलाकर किया गया सघन प्रचार प्रसार हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से लिया गया नशामुक्ति का संकल्प आज दिनांक 24.07.2025 को जिला छिंदवाड़ा में आयोजित किए गये कार्यक्रमों की जानकारी इस प्रकार है 1. थाना मोहखेड़ अंतर्गत थाना प्रभारी खेल चंद्र पटले के द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम नगर रक्षा समिति के सदस्यों को थाना परिसर में एकत्रित कर नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई एवं हस्ताक्षर अभियान के अंतर्गत सभी के हस्ताक्षर करवाए गए ,साथ ही नगर सुरक्षा समिति के सदस्यों को सलाह दी गई।

### वार्ड 10 में अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत पेयजल पाइप लाइन का कार्य पूर्ण

**जुन्नारदेव।** नगर पालिका परिषद द्वारा वार्ड क्रमांक 10 में अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत पेयजल पाइप लाइन डिस्ट्रीब्यूशन कार्य को पूर्ण कर लिया गया है। इस कार्य के संपन्न होने के उपरांत गुरुवार को विधिवत रूप से नल जल आपूर्ति का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे, मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती नेहा धुर्वे, जल प्रदाय विभाग के कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में स्थानीय वार्डवासी उपस्थित रहे।वार्ड क्रमांक 10 में पिछले कई वर्षों से लोगों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा था। न तो नल कनेक्शन पर्याप्त थे और न ही नियमित जल आपूर्ति।



गर्मी के दिनों में तो स्थिति और भी विकट हो जाती थी। नगर पालिका द्वारा अमृत मिशन 2.0 योजना के अंतर्गत इस क्षेत्र में पाइप लाइन वितरण कार्य प्रारंभ किया गया था,जो अब पूर्ण हो गया है।गुरुवार को जैसे ही पहली बार नल से जल निकला, वार्डवासियों के चेहरों पर संतोष और खुशी की लहर दौड़ गई। लोगों ने नगर पालिका के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि वर्षों बाद उन्हें घर पर शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सका है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती नेहा धुर्वे ने बताया कि इस योजना के तहत पाइप लाइन की गुणवत्ता एवं जल आपूर्ति की निरंतरता सुनिश्चित की गई है।

# पुलिस ने दो फरार वारंटी किए गिरफ्तार

**छिंदवाड़ा।** छिन्दवाड़ा विशेष पुलिस टीम ने वांछित इनामी स्थायी वारंटियो को विभिन्न स्थानों से किया गिरफ्तार छिंदवाड़ा जिला पुलिस अधीक्षक अजय पाण्डेय एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आयुष गुप्ता के निर्देशन में जिले में विशेष टीम गठित कर माननीय न्यायालयो द्वारा जारी स्थायी / गिरफ्तारी वारंटियो की धरपकड़ कर न्यायालय में पेश करने हेतु निर्देशित किया गया है! इसी परिपेक्ष्य में आज दिनांक 24-07-2025 को कुल 02 फरार स्थाई वांरटियों की तामीली में बड़ी सफलता हाथ लगी है थाना चौरई अंतर्गत धारा 6(2)क दहेज प्रतिशेध अधिनियम के 01 वर्ष पुराने में 1000/- रूपये का इनामी फरार स्थायी वारंटी भरत पिता पूनाराम डेहरिया निवासी टी.वी टावर,हंशनगर थाना देहात थाना देहात अंतर्गत धारा 138 N. I. ACT के 02 वर्ष पुराने में 5,000/- रूपये का इनामी फरार स्थायी वारंटी अखिलेश राय पिता झलकन राय उम्र 48 वर्ष निवासी परासिया आराधना विद्यालय के पीछे थाना परासिया इस तरह इन स्थायी फरार वारंटियों को मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर गिरफ्तार किया गया। स्पेशल धरपकड़ पुलिस टीम उनि राजेश साहू सउनि नितेश ठाकुर प्र.आर श्याम ठाकरे खेमचंद अहिरवार रविन्द्र ठाकुर, नितिन सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही। विशेष पुलिस टीम द्वारा वांरटियों की धरपकड/गिरफतारी लगातार जारी रहेगी।

### ब्रह्म समाज महिला मंडल द्वारा मनाया गया सावन उत्सव

**जुन्नारदेव।** ब्रह्म समाज महिला मंडल द्वारा संचालित बीसी ग्रुप द्वारा सावन उत्सव मनाया गया, जिसमें ब्रह्म समाज की अग्रणी महिलाओं द्वारा सावन के गीत गाए और सावन के झूलों का आनंद लिया गया इसके साथ ही विभिन्न रोचक खेलों का भी महिलाओं द्वारा आनंद उठाया गया इसके विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार भी दिया गया। कार्यक्रम के दौरान सुहागिन महिलाओं को श्रृंगार सामग्री का वितरण किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से ब्रह्म समाज महिला मंडल अध्यक्ष कीर्ति उपाध्याय, उपाध्यक्ष मनीषा चतुर्वेदी, सचिव पूर्णिमा शर्मा, सहसचिव सानू तिवारी, निशा तिवारी, आशा द्विवेदी, सुधा तिवारी, कल्पना उपाध्याय, रुचि मिश्रा, शिखा चतुर्वेदी, रानू चतुर्वेदी, बबली शुक्ला, चेतना उपाध्याय, सुनीता चटर्जी, सीमा गौतम, पिंकी मिश्रा, दीप्ति उपाध्याय, रोली द्विवेदी, मंजरी पाठक सहित बड़ी संख्या में ब्रह्म समाज की महिलाओं उपस्थित थी।



# यूरिया को लेकर मचा घमासान, अब कालाबाजारी, अवैध भंडारण पर हुई कार्रवाई

**5 एफआईआर दर्ज, 23 लाइसेंस निरस्त और 37 किए गए निलंबित, किसान लंबी कतारे लगाकर देत रात तक करते रहे अपनी पारी का इंतजार**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार जिले में यूरिया उर्वरक की कालाबाजारी और अवैध भंडारण पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। हाल ही में जिले के लावाघोघरी थाना अन्तर्गत मैनीखापा क्षेत्र के विकास कृषि केंद्र के संचालक श्री विकास सूर्यवंशी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की गई है। उन पर आरोप है कि उन्होंने निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर यूरिया का विक्रय किया।

उप संचालक कृषि श्री जितेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि इस वर्ष अब तक जिले में यूरिया से संबंधित अवैध गतिविधियों पर 5 एफआईआर दर्ज की गई हैं। इसके अतिरिक्त 23 विक्रेताओं के लाइसेंस निरस्त किए गए हैं और 37 लाइसेंस निलंबित किए जा चुके हैं। जिले के सभी निजी विक्रेताओं के यहां कृषि विभाग के विस्तार अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है, ताकि उनका विक्रय पूरी तरह निगरानी में हो। प्रशासन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि कोई भी विक्रेता निर्धारित दर से अधिक मूल्य वसूलता पाया गया या किसी अन्य उर्वरक की टैगिंग करता मिला, तो उसके विरुद्ध तत्काल कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि वे अधिक मूल्य वसूली या अनियमितता की सूचना तुरंत संबंधित अधिकारियों या नियंत्रण कक्ष को दें ताकि आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

जिले भर में किसान यूरिया खाद को लेकर परेशान हो रहे है । खाद की कमी और विक्रेताओं द्वारा कालाबाजारी से दो चार हो रहे किसान भाइयों का गुस्सा आज फूट पड़ा , किसानों ने आज दोपहर यूरिया की मांग को लेकर छिंदवाड़ा-नरसिंहपुर मार्ग जाम कर दिया। अल सुबह से टोकन लेकर खाद के लिए इंतजार कर रहे किसानों ने सड़क पर उतरकर जबरदस्त प्रदर्शन किया। किसानों के आक्रोश और सड़क जाम की खबर मिलते ही मौके पर पुलिस बल तैनात किया गया। कुछ देर किसानों और प्रशाशनिक अधिकारियों की तू तू -मै मै के बाद प्रशासन की समझाइश से उक्त जाम मार्ग को खाली कराया गया। चक्का जाम में शामिल अधिकांश किसानों ने बताया कि हम लोग सुबह से लंबी लाइन में लगते हैं और टोकन लेने के बाद देर रात तक इंतजार करते हैं, लेकिन कई बार यूरिया नहीं मिल पाता।

अधिकारी केवल "कल आइए " आश्वासन देकर चले जाते हैं कि ऐसे में किसानों को ना सिर्फ आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है बल्कि मानसिक रूप से भी वे बेहद परेशान होना पड रहा है। हमारी फसले खाद न मिलने के कारण पीली पड़ रही है , समय पर खाद न मिलने से उनकी बाढ़ और उत्पादन पर बुरा असर पडेगा जिससे हमें आर्थिक नुकसान होगा। जिला कलेक्टर शीलेंद्र सिंह ने किसानों से संयम बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि छिंदवाड़ा में सरकार द्वारा यूरिया की पर्याप्त व्यवस्था की गई है और लगातार नई रैक जिले में पहुंच रही हैं। सभी किसानों को खाद उपलब्ध कराने के प्रयास तेज किए गए हैं। जिला प्रशासन और पुलिस द्वारा यूरिया वितरण के लिए व्यवस्थाएं लगातार बनाई जा रही हैं।

## कलेक्टर ने सौंसर तहसील कार्यालय का किया निरीक्षण, हितग्राहियों से की चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

कलेक्टर अजय देव शर्मा ने आज न्यायालय नायब तहसीलदार सौंसर 3 का आकस्मिक निरीक्षकण किया। इस निरीक्षण के दौरान कलेक्टर महोदय ने तहसील कार्यालय मे आनेवाले हितग्राहियों से भी चर्चा की। समीक्षा के दौरान उपखंड अधिकारी सौंसर के न्यायालय का निराकरण 74.77 प्रतिशत, न्यायालय तहसीलदार सौंसर का निराकरण 80.98 प्रतिशत, न्यायालय नायब तहसीलदार सौंसर 2 का निराकरण 63.93 प्रतिशत पाया गया। न्यायालय नायब तहसीलदार सौंसर के प्रकरणो का निराकरण संतोषप्रद नहीं होने पर कलेक्टर द्वारा नाराजी जाहिर की गई। इस मौके पर कलेक्टर द्वारा आज न्यायालय नायब तहसीलदार सौंसर क्र. 3 का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान न्होंने न्यायालय में प्रचलित प्रकरणों की प्रगति, रिकॉर्ड संधाकरण, स्वच्छता व्यवस्था तथा न्यायालयीन प्रक्रियाओं के क्रियावन्यन एवं आरीएमएस पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों एवं उनके निराकरण की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया।

# एरोमा सिगरेट फैक्ट्री को प्रशासन ने किया सील

**बड़चिचोली वेयरहाउस से 1000 बोरी तंबाकू जब्त**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा



आज देर शाम कलेक्टर अजय देव शर्मा के निर्देश पर तहसील प्रशासन ने नागपुर रोड पर ग्राम राजना के समीप स्थित एरोमा सिगरेट फैक्ट्री को सील कर दिया। इस संबंध में तहसीलदार विनय ठाकुर ने बताया कि इस फैक्ट्री की भूमि का डायवर्जन नहीं कराने बाबत शिकायत जिला प्रशासन को प्राप्त हुई थी। इसके बाद मामले की जांच की गई जिसमें शिकायत सही पायी गई।

तहसीलदार विनय ठाकुर के अनुसार फैक्ट्री प्रबंधन के अनुसार कंपनी बंद रहती है जिसपर ताला लगा हुआ है। लेकिन आम शिकायत यह रही है कि यह फैक्ट्री आधी रात के बाद चालू होती है और 2-3 घंटे में ही करोडो रू. की सिगरेट का निर्माण और पैकिंग कर लेती है। फैक्ट्री में लगाई गई मशीने विदेश से लायी गई है जो पूर्णतः आटोमेटिक है। बताया जाता है कि 2-4 मजदूर आधी रात में करोडो की सिगरेट बना सकते है।

फैक्ट्री का ग्राम बडचिचोली में वेयरहाउस है जहां से आज प्रशासन ने तंबाकू से भरी हुई 1000 बोरियां जब्त कर ली है। इसके अलावा आज फैक्ट्री की बिजली भी काट दी गई है। फैक्ट्री जब सालों से बंद है और वहां का बिजली कनेक्शन चालू है यह भी संदेह पैदा करता है। एरोमा फैक्ट्री पर हुई सीलिंग कारवाई के दौरान आज एसडीएम अलका एक्का, तहसीलदार विनय ठाकुर, आरआय श्री पट्टे, पटवारी और कुछ कर्मचारी मौजूद रहे।

## एनजीटी की मनाही और कलेक्टर के निर्देश बेअसर, नागद्वारी मेले के दौरान हो रही रेत चोरी

# खनिज निरीक्षक, तहसीलदार, पुलिस कार्रवाई के बाद भी जारी है रेत उत्खनन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया



देलाखारी क्षेत्र के आसपास बहने वाली नदियों से रेत का अवैध खनन खुलेआम जारी है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि रेत माफिया बेखौफ होकर आसपास कई पंचायते जिनमे दौरिया खेड़ा, कुर्सी ढाना, देलाखारी, कपूर नाला, घट लिंगा जामुन ढोगा , मै रेत का अवैध उत्खनन कर रहे हैं और रात में कानून के बजाय जैसे रेत माफिया राज का कायम हो चुका है। ऐसी स्थिति वर्तमान में निर्मित हो चुकी है। वर्तमान में एनजीटी ने रेत के खनन पर रोक लगा रखी है। तहसीलदार पुलिस विभाग की कार्यवाही के बाद भी रेत का खनन होना इनके पकड़े जाने के बाद इनकी कार्य प्रणाली पर सवालिया निशान खड़े करता है। वहीं इस क्षेत्र की खनिज निरीक्षक जो कार्रवाई करने की बजाय रेत चोरों को संरक्षण दिए हुए हैं, जिसका नतीजा है कि एनजीटी के निर्देश आदेश देशभर में लागू होने के बाद तामिया में लागू नहीं हो पा रहे हैं। ऐसा इसलिए है कि रेत पकड़ने वाले स्वयं रेत चोरी करवाने में अघोषित रूप से शामिल जो है। वर्तमान में नागद्वारी मेला जाने वाले वाहनों की संख्या अधिक है उनको भी इन रेत के वाहनों से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है,लेकिन वो मजबूर है कि वे इस क्षेत्र के निवासी नहीं है। वही तामिया पुलिस एवं तहसीलदार द्वारा एक ट्रक पकड़ा जाना उसके बाद कार्रवाई ठंडे बस्ते में डालना भी इस क्षेत्र में क्षेत्र मैं चर्चा का विषय बना हुआ है कि आखिर दोबारा कार्रवाई करने में यह रूचि सारे शासन से अधिकार प्राप्त होने के बाद नहीं दिखला पा रहे हैं। चर्चा तो यह भी है कि जो रेत चोर मंथली समय पर नहीं देता उन वाहनों को रेत के अवैध परिवहन उत्खनन की कार्रवाई का सामना करना पड़ता है।

लोगों की चर्चा से इस बात को भी बल मिलता है कि कई हफ्ते हो गए दर्जनों ट्रैक्टर ट्रक रेत के देर रात से भोर निकलते हैं। लेकिन पुलिस के गश्ती वाहन एवं राजस्व के अधिकारियों को नहीं दिखते इस तरह राजस्व, पुलिस, खनिज विभाग को ओवरलोड रेत के ट्रैक्टर नजर नहीं आना उनकी कार्य प्रणाली एवं कलेक्टर के निर्देशों पर तो सवालिया निशान खड़े करता है।

## सवारियों को भी उठानी पड़ती है परेशानी

# कीचड़ और सड़ांध के बीच दिन गुजारने विवश टैक्सी और ऑटो चालक

हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया



ऑफिस के कमरों में लक्ज़री सोफों और कुर्सियों पर बैठकर शहर की व्यवस्था बनाने वाले क्या जाने , कि कीचड़ और सड़ांध के बीच दिन गुजारना कितना मुश्किल होता है , पर इन्हीं जिम्मेदारों की अनदेखी और लापरवाही ने शिवपुरी स्टैंड के ऑटो और टैक्सी चालकों को कीचड़ और सड़ांध के बीच दिन गुजारने पर विवश कर रखा है । वहीं सवारियों को भी परेशानी उठानी पड़ रही है ।

परासिया नगर पालिका के समीप स्तिथ बस स्टैंड जहां से लोग शिवपुरी , छिंदवाड़ा , उमरेठ और दमुआ की ओर जाने के लिए ऑटो , टैक्सी और बसें खड़ी होती हैं , इन वाहनों के चालकों , हेल्परों और सवारी के इंतजार में खड़े रहना होता हैं , जिनका दिन यहीं गुजरता है , वे सब यहां पसरी गंदगी , कीचड़ और औका देने वाली बदबू से दो - चार होते हैं । शहर की सफाई और अन्य व्यवस्था की जिम्मेदारी जिनके हाथ में हैं , वे सब भी नगर पालिका में दिनभर रहते हैं , पर उन्हें इन चालकों , बस स्टैंड पर मौजूद दुकानदारों और सवारियों की तकलीफों से कोई सरोकार नहीं है , हो भी क्यूं , उन्हें तो टाइल्स लगे खुशबूदार कमरों में जो बैठना है । बस स्टैंड के चारों तरफ गंदगी और कचरा पड़ा है । बारिश होने के बाद कचरे की बदबू सड़ांध में बदल जाती है और पूरा परिसर कीचड़ में तब्दील हो जाता है । इसी सड़ांध और कीचड़ के बीच रोज़ी कमाने के लिए चालकों को दिन भर रहना होता है । कुछ चालकों ने बताया , कि इसकी जानकारी कई बार नगर पालिका में दी जा चुकी है , पर कोई सुध लेने को तैयार नहीं है ।

### अधूरी सड़क बनी मुसीबत

नगर पालिका और शॉपिंग काम्प्लेक्स के बीच अधूरी सड़क भी ऑटो और लगेज वाहनों के लिए मुसीबत बनी हुई है । इस सड़क को छिंदवाड़ा मुख्य मार्ग से नहीं जोड़ा गया है । जिससे मुख्य मार्ग नीचा और शॉपिंग काम्प्लेक्स कि की ओर गई सड़क ऊंची होने से गड्ढा बन गया है । जब ऑटो या लगेज वाहन यहां से गुजरते हैं तो वाहनों के कभी पट्टे टूट रहे हैं , तो कभी अन्य को पुर्जा टूट रहा है । कुछ लोगों ने बताया , की दो - तीन दिन पहले जब नगर पालिका का ट्रेक्टर यहां से गुजर रहा था , तो गड्ढे के चलते उसका टायर निकल कर मुख्य मार्ग पर लुढ़कने लगा और दुर्घटना होने से बच गई । नपा के द्वारा गड्ढे को पूरा तक नहीं गया । इस मामले में इंजीनियर राजेंद्र सोनी ने बताया , कि सड़क का निर्माण अभी पूरा नहीं हुआ है । ठेकेदार ने काम अधूरा ही छोड़ दिया है । जब कार्य पूरा होगा तब सड़क पर स्लोब बनाकर मुख्य मार्ग से जोड़ा जायेगा ।



## लिंगा आश्रम से पौधारोपण अभियान की शुरुआत



**छिंदवाड़ा।** संत आशारामजी आश्रम लिंगा में मुख्य राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने पौधारोपण कर अभियान की शुरुआत की । इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष मदनमोहन परसाई ने बताया कि समिति प्रतिवर्ष पर्यावरण संरक्षण हेतु फलदार , औषधीय गुणों से भरपूर और धार्मिक आस्था वाले पौधों का रोपण करती हैं । साधकों को बताया जाता है कि जो साधक कृषक हैं वे दो फलदार पौधे का रोपण करें जिससे उन्हें स्वादनुसार फल का लाभ मिलेगा साथ ही भविष्य में विक्रय करेगा तो कुछ आमदनी भी होगी । सभी पौधे कोई ना कोई औषधीय गुणों वाले होतें ही हैं , उनका भी उचित चयन करें । साथ ही कुछ धार्मिक आस्था वाले पौधे होते हैं , जिसमें पीपल , बड़ , तुलसी प्रमुख हैं जो पर्यावरण संरक्षण के लिए अति आवश्यक है । प्रत्येक मनुष्य को स्वयं के जीवन में 2 पेड़ अवश्य लगाना चाहिए क्योंकि प्रत्येक मनुष्य के अंतिम संस्कार के लिए दो पेड़ की लकड़ियां लगती हैं । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत के अध्यक्ष संजय पुन्हार , जिला महिला कांग्रेस की अध्यक्ष किरण चौधरी , जिला पंचायत की सदस्य ललिता घोगें , जिला अंत्योदय समिति के पूर्व जिलाध्यक्ष विलास घोगें , सरपंच रूपेश कराड़े उपस्थित रहे । पूज्य बापूजी का यह आश्रम एक तपस्या स्थली है जहाँ सभी प्रतिद्वंद्वी राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधि साथ मिलकर सेवा कार्यों में सहयोग करतें हैं । इस दैवीय कार्य में साध्वी रेखा बहन , साध्वी प्रतिमा बहन , खजरी आश्रम के संचालक जयराम भाई , समिति के अध्यक्ष मदनमोहन परसाई , गुरुकुल की संचालिका दर्शना खट्टर , सुभाष इंगले , अशोक कराड़े , नारायण ताम्रकार , रामराव लोखंडे , बबलू सूरज प्रसाद माहोरे , भूपेश पहाड़े , रामेश्वर करमेले लिंगा महिला समिति से प्रीति सोंनारे , सुधा ताम्रकार , शकुंतला कराडे , रुपाली इंगले , आशा इंगले , विमल शेरके , वर्षा आहूजा ,कल्पना सोनी आदि ने सेवाएं दी ।

# मुख्यमंत्री अधोसंरचना मद से अंबाड़ा के वार्डों में बनेगी सड़क



हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया

विधानसभा क्षेत्र परासिया के अंतर्गत आने वाली ग्राम पचायत अंबाड़ा के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्रमांक 1, 2, एवं 3, मस्जिद दफाई, पन्ना दफाई,पिंजरा दफाई वार्ड क्षेत्र में मुख्यमंत्री अधोसंरचना मद्द से लगभग 25 लाख रुपए की लागत से निर्माण किए जाने वाली सीमेंट कांक्रीट सड़क मार्ग का भूमिपूजन परासिया विधायक सोहनलाल वाल्मीकि के द्वारा किया गया।गौरतलब है कि इन वार्ड क्षेत्रों मे उबड़ खाबड़ व जर्जर मार्ग होने की वजह से ग्रामीणजनो को आवागमन में परेशानी उत्पन्न होती थी एवं रात के समय और भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था जिसे देखते हुए अंबाड़ा के पूर्व जनपद सदस्य अकबर अली के द्वारा सड़क मार्ग का निर्माण कराने को लेकर प्रयास किया गया एवं विधायक सोहन वाल्मीकि से पत्राचार व चर्चा कर मांग की गई थी। इसी को देखते हुए सड़क मार्ग की समस्या का समाधान किए जाने को लेकर विधायक सोहन वल्मीकि के द्वारा मुख्यमंत्री अधोसंरचना मद्द से लगभग 25 लाख रुपए की राशि की स्वीकृति दिलाकर इस सीसी सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। इस दौरान विधायक वाल्मीकि ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि इस पक्के सड़क मार्ग के निर्माण हो जाने से ग्रामीणों को दिन एवं रात्रि के समय आवागमन में आसानी होगी। इस भूमिपूजन कार्यक्रम के अवसर पर विधायक सोहनलाल वाल्मीकि,जनपद सदस्य गुलशाना अली, सरपंच भारती उईके, पूर्व जनपद सदस्य अकबर अली, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मारकंडे मिश्रा, नगर कांग्रेस अध्यक्ष संजू राय, केदारनाथ प्रजापति, राहुल सिंह, विकास पवार, रंजीत प्रजापति, मोनू बट्टी, राहुल उईके, रईस हसन, अजीज अंसारी, श्रीमती पदमा डेहरिया, उजमा खान, सुमन, जुलेखा खातून, सीमा प्रजापति, राखड़ी पवार, वरुण शर्मा, जयस सोनदर के अलावा ग्राम के नागरिक गण बड़ी संख्या मे उपस्थित रहे ।

## राष्ट्रीय छात्र पर्यावरण प्रतियोगिता का आयोजन

**दमुआ।** शासकीय महाविद्यालय दमुआ में आज राष्ट्रीय छात्र पर्यावरण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में छात्रों को पर्यावरण संरक्षण के विभिन्न पहलुओं के बारे में जानकारी दी गई।प्रतियोगिता के अंतर्गत छात्रों को ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया समझाई गई। साथ ही वृक्षारोपण, जल संरक्षण और अपशिष्ट कचरे के पृथक्करण जैसे विषयों पर विस्तार से बताया गया। छात्रों को यह भी सिखाया गया कि गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग कैसे रखा जाए और उनका पुनः उपयोग किस प्रकार किया जा सकता है।इस अवसर पर डॉ. राजेश कुमार लोखंडे, डॉ. उषा तिवारी, वैभव पाटिल, कंचन चंद्रवंशी और इंदिरा पाटिल ने पर्यावरण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा कीं और छात्रों को जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी का अहसास कराना और उन्हें सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहित करना था।

## नागद्वारी मेला के लिये निकली विशाल त्रिशुल यात्रा

**दमुआः** नागद्वारी सेवा समिति खेडली बाजार मोरखा से भक्तो का विशाल जत्था विशाल त्रिशुल लेकर नागदेव घनगौरी बाबा मंदिर होते हुये दमुआ पहुंचा जहां नागद्वारी मेला जाने वाले भक्तों का दमुआ में मांझी एकता समिति दमुआ द्वारा आये हुए भक्तो एवं विशाल त्रिशुल यात्रा भक्तो फूल मालओं एवं पूजन पाठ कर सभी का धूम धाम के साथ भव्य स्वागत किया गया एव जयकारे लगाये गये । सभी को प्रसादी भोजन नास्ता भी कराया गया खास बात तो यह है कि माझी एकता समिति दमुआ के विशेष सहयोग श्री सुरेश बबुआ कश्यप एवं विशोरी कहार, आनंद कहार, गरीबा कहार, अरूण कलिवार, अशोक रिवारे, बबलू कहार अशोक कहार, लक्ष्मी कहार , मुन्ना कहार रामदयाल कहार, बाबू कहार, संतोष कहार, सागर कहार, दीपक मांझी, पीतम कहार, दिनेश कश्यप एवं दुर्गा सिंग राजपूत, राकेश खातरकर, एवं मांझी कहार समाज के सभी स्वाजाती बधुओ सामाजिक बन्धु धर्म प्रेमियो ने धार्मिक कार्यक्रम में सामिल होकर भक्तो की सेवा की और विशाल त्रिशुल यात्रा को नागद्वारी मेला के लिए रवाना किया।

## मनाया जा रहा 95 वां सालाना उर्स मुबारक

**दमुआ।** सर्व धर्म आस्था का प्रतीक हजरत मीरा सैय्यद अली दातार बापू एवं हजरत चांदशाह वली बाब ब. मुकाम रेलवे माल गोदाम के पास वार्ड नं. 9 आमला जिला बैतूल का सालाना उर्स मुबारक बडे ही शान ओ शौकत के साथ मनाया जा रहा है उर्स मुबारक प्रोग्राम तारीख 26 जुलाई 2025 बरोज शनिवार परचम कुशाई कुरान खानी बाद मगरीब सलातो सलाम तारीख 27 जुलाई 2025 बरोज इतवार शाम 4 बजे से सन्दल व चादरो का जुलूस आमला गोविन्द कालोनी सोमवारी चौक, इतवारी चौक रेल्वे कालोनी लक्ष्मण नगर बस स्टेण्ड से निकलकर शहर का गस्त करता हुआ दरगाह शरीफ पहुचेगा फिर चादरे सन्दल पेश किया जावेगा।

# पुलिया से बहते गंदे पानी से ग्रामीण राहगीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिंगोड़ी





सिंगोड़ी मेन रोड मुख्य सड़क मार्ग में इन दिनों अधूरा होने के कारण परेशानी का सबब बना हुआ है। जिसके चलते सिंगोड़ी से छिंदवाड़ा मुख्य मार्ग के पास पुलिया के कार्य में पी डब्ल्यू डी विभाग द्वारा लीपापोती कर गट्टू लगाया गया।जिससे आने जाने वाले राहगीरो को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बारिश सहित अन्य ग्राम के जगहों का गंदा पानी बीच सड़क में जम गया है। जिससे आम राहगीरो को दिक्कत हो रही है।पी डब्ल्यू डी अंतर्गत सड़क और पुलिया की हालत जर्जर है। साथ ही बारिश सहित अन्य जगहों का गंदा पानी बीच सड़क में जम गया है। जिससे आम राहगीरों सहित दो पहिया और चौपहिया वाहन चालकों को आने जाने में खासा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है आए दिन घटनाएं और दुर्घटनाएं इसी मेन रोड की पुलिया के पास रुका हुआ गंदा पानी से हो रहा है जिससे लोग फिसल रहे हैं और दुर्घटना ग्रस्त हो रहे हैं किंतु उसके बाद भी पी डब्ल्यू डी के आला अधिकारी का इस ओर जरा भी ध्यान नहीं है। जिससे पूरे सिस्टम पर सवालिया निशान उठ रहे हैं। क्षेत्र के लोगों ने पी डब्ल्यू डी विभाग और जिला प्रशासन से मांग की है कि वह इस मेन रोड सड़क और पुलिया से बहता गंदा पानी को व्यवस्थित करने का कार्य को जल्द से जल्द पूरा कराएं, ताकि यहां पर यह गंदा पानी से लोगों को निजात मिल सके और किसी भी प्रकार की घटना या दुर्घटना न हो सके।

## निर्माण इंस्टीट्यूट ऑफ कंप्यूटर टेक्नोलॉजी लांजी का डीसीए एवं पीजीडीसीए में शत प्रतिशत रहा परीक्षा परिणाम

**लांजी।** माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय भोपाल से मान्यता प्राप्त संस्थान ₹निर्माण इंस्टीट्यूट ऑफ कंप्यूटर टेक्नोलॉजी लांजी ₹ ने सत्र जुलाई 2024-25 एवम् जनवरी 2025-2026 के DCA एवं PGDCA के FIRST एवं SECOND SEMESTER के डिप्लोमा कोर्स में 100 प्रतिशत रहा रिजल्ट। संस्थान के डायरेक्टर प्रणय कुमार ने कहा कि निर्माण इंस्टीट्यूट ऑफ़ कंप्यूटर टेक्नोलॉजी लांजी शुरू से ही गुणवत्तापूर्ण व्यवसायिक शिक्षा और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर जोर देता आया है। उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि उनकी मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन से यह शानदार उपलब्धि हासिल हुई है। उन्होंने छात्रों को आगे भी इसी तरह मेहनत करने और नई ऊंचाइयों को छूने एवं विश्वविधालय के टॉप 10 में आने के लिए प्रेरित किया। संस्थान के सभी शिक्षको ने भी विद्यार्थियों की सफलता पर हर्ष व्यक्त किया और उन्हें उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। निर्माण इंस्टीट्यूट ऑफ कंप्यूटर की इस सफलता पर लांजी के विधायक राजकुमार कर्राहे जी के साथ शासकीय महाविद्यालय लांजी के प्राचार्य रेवाराम सोनवाने जी के साथ भूतपूर्व वायुसैनिक राजेंद्र रामटेककर, नगर परिषद लांजी के उपाध्यक्ष संदीप रामटेककर एवम् लांजी क्षेत्र के अग्रणी सामाजिक कार्यकर्ता विशाल खोंगल ने 100% परिणाम प्राप्त करने पर बहुत-बहुत बधाई प्रदान करते हुए कहा - ₹यह एक शानदार उपलब्धि है और आपकी कड़ी मेहनत और लगन ने निश्चित रूप से रंग दिखाया है।

# फॉर्मर रजिस्ट्री एवं खसरा आधार लिंकिंग के लिए आज विशेष शिविरों का आयोजन, प्रत्येक ग्राम पंचायत में लगेंगे शिविर

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना का लाभ लेने के लिये किसान की फॉर्मर रजिस्ट्री होना अनिवार्य है। फार्मर रजिस्ट्री नहीं होने पर किसान को इस योजना का लाभ नहीं मिलेगा। पीएम किसान योजना का लाभ प्राप्त करने के लिये किसान की फॉर्मर आईडी का होना अनिवार्य है। इसी परिप्रेक्ष्य में राजस्व विभाग व कृषि विभाग के निर्देशन के परिपालन में 25 जुलाई को जिले की सभी तहसीलों की प्रत्येक ग्राम पंचायत में शिविरों का आयोजन किया जायेगा।

कलेक्टर श्री मृणाल मीणा ने सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों को निर्देशित किया है कि 25 जुलाई को अपने क्षेत्र की प्रत्येक ग्राम पंचायत में किसानों की फॉर्मर आईडी बनाने एवं खसरे को आधार नम्बर से लिंक करने के लिये शिविर आयोजित करें। इन शिविरों के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिये गांवों में मुनादी कराने के निर्देश दिये गए है। प्रत्येक शिविर में पटवारी, ग्राम पंचायत सचिव, कृषि विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, सहकारी समिति के कर्मचारी, ग्राम कोटवार, सर्वेयर की टीम को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिये गए है। फार्मर आईडी बनाये जाने के लिये शेष सभी हितग्राहियों की जानकारी गूगल शीट के माध्यम से उपलब्ध कराने कहा गया है। जिसमे शतप्रतिशत जानकारी दर्ज करना होगा।

सभी तहसीलदारों को निर्देशित किया गया है कि 25 जुलाई को प्रातः 08 बजे से दोपहर 02 बजे एवं अपरान्ह 4 बजे से शाम 6 बजे तक शिविरों की सतत निगरानी करे और शाम 06 बजे तक गुगल सीट में कार्य की प्रगति से अवगत कराए। जिले के किसानों से अपील की गई है कि यदि उनकी फॉर्मर आईडी अब तक नहीं बन पायी है और खसरे की आधार से लिंकिंग नही हुई है तो 25 जुलाई को उनके ग्राम पंचायत में आयोजित शिविर में जाकर अपनी फार्मर आईडी अवश्य बनवाए और खसरे को आधार से लिंक कराए।

# राजस्व न्यायालयीन एवं गैर-न्यायालयीन कार्यों के लिए तहसीलदार नायब तहसीलदार की पदस्थापना

**बालाघाट।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री मृणाल मीना ने राज्य शासन के निर्देशों के परिपालन में जिले में राजस्व न्यायालयीन एवं गैर-न्यायालयीन कार्यों के सम्पादन के लिए पृथक-पृथक प्रभारी तहसीलदार, नायब तहसीलदार, प्रभारी नायब तहसीलदार, प्रभारी अधीक्षक भू-अभिलेख एवं प्रभारी सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख को पदस्थ किया है।

राजस्व अनुविभाग बालाघाट के अंतर्गत बालाघाट तहसील में राजस्व न्यायालयीन कार्यों के लिए नायब तहसीलदार एवं प्रभारी तहसीलदार श्री भूपेंद्र अहिरवार को तथा गैर-न्यायालयीन कार्यों के लिए नायब तहसीलदार श्रीमती वंदना कुशराम को पदस्थ किया गया है। इसी प्रकार लामता तहसील में राजस्व न्यायालयीन कार्यों के लिए प्रभारी नायब तहसीलदार एवं प्रभारी तहसीलदार श्री सुरेश कुमार उपाध्याय को तथा गैर-न्यायालयीन कार्यों के लिए नायब तहसीलदार श्री दशमंतालाल मरावी को पदस्थ किया गया है।

राजस्व अनुविभाग किरनापुर के अंतर्गत किरनापुर तहसील में राजस्व न्यायालयीन कार्यों के लिए प्रभारी तहसीलदार श्रीमती वर्षा झारिया को तथा गैर-न्यायालयीन कार्यों के लिए नायब तहसीलदार श्री केशवराव को पदस्थ किया गया है। राजस्व अनुविभाग लांजी के अंतर्गत लांजी तहसील में राजस्व न्यायालयीन कार्यों के लिए प्रभारी तहसीलदार श्री हिम्मत सिंह भवेदी को तथा गैर-न्यायालयीन कार्यों के लिए नायब तहसीलदार श्री संजय बारस्कर को पदस्थ किया गया है।

राजस्व अनुविभाग बैहर के अंतर्गत बैहर तहसील में राजस्व न्यायालयीन कार्यों के लिए प्रभारी तहसीलदार श्री सुनील कुमार वर्मा व प्रभारी नायब तहसीलदार श्री जमना प्रसाद भगत को तथा गैर-न्यायालयीन कार्यों के लिए प्रभारी तहसीलदार श्री सहदेव सिंह मार्को को पदस्थ किया गया है। बिरसा तहसील में राजस्व न्यायालयीन कार्यों के लिए प्रभारी सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख एवं प्रभारी तहसीलदार राजूलाल नामदेव को तथा गैर-न्यायालयीन कार्यों के लिए प्रभारी नायब तहसीलदार श्री रतनसिंह धुर्वे को पदस्थ किया गया है।

राजस्व अनुविभाग परसवाड़ा के अंतर्गत परसवाड़ा तहसील में राजस्व न्यायालयीन कार्यों के लिए प्रभारी तहसीलदार सुश्री पूर्णिमा भगत को तथा गैर-न्यायालयीन कार्यों के लिए प्रभारी सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख श्री कृष्णा नायक को पदस्थ किया गया है।

राजस्व अनुविभाग वारासिवनी के अंतर्गत वारासिवनी तहसील में राजस्व न्यायालयीन कार्यों के लिए नायब तहसीलदार एवं प्रभारी तहसीलदार श्री अनुराग मरावी को तथा गैर-न्यायालयीन कार्यों के लिए प्रभारी नायब तहसीलदार श्रीमती मंजूला महोबिया को पदस्थ किया गया है। लालबर्रा तहसील में राजस्व न्यायालयीन कार्यों के लिए नायब तहसीलदार एवं प्रभारी तहसीलदार श्री कन्हैयालाल टेकाम को तथा गैर-न्यायालयीन कार्यों के लिए नायब तहसीलदार श्री मयंक मिश्रा को पदस्थ किया गया है। खैरलांजी तहसील में राजस्व न्यायालयीन कार्यों के लिए नायब तहसीलदार एवं प्रभारी तहसीलदार सुश्री छवि पंत को तथा गैर-न्यायालयीन कार्यों के लिए प्रभारी नायब तहसीलदार श्री दुलारेलाल परते को पदस्थ किया गया है।

राजस्व अनुविभाग कटंगी के अंतर्गत कटंगी तहसील में राजस्व न्यायालयीन कार्यों के लिए नायब तहसीलदार एवं प्रभारी तहसीलदार श्री राकेश प्रजापति को तथा गैर-न्यायालयीन कार्यों के लिए प्रभारी नायब तहसीलदार श्री पुन्नुलाल सांडिया को पदस्थ किया गया है। तिरोड़ी तहसील में राजस्व न्यायालयीन कार्यों के लिए नायब तहसीलदार एवं प्रभारी तहसीलदार श्रीमती गीता राहंगडाले को तथा गैर-न्यायालयीन कार्यों के लिए प्रभारी नायब तहसीलदार श्री पुन्नुलाल सांडिया को पदस्थ किया गया है।

# बिजली बनी बैरन : अघोषित बिजली कटौती से लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज लाँजी।




नगर परिषद लाँजी समेत आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली के अघोषित कटौती से ग्रामीणों को भारी परेशानी हो रही है। बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है। दुकानदारों का कामकाज भी प्रभावित हो रहा है। स्कूली बच्चों के ऑनलाइन प्रक्रिया में भी समस्या आ रही है। वही नगर परिषद लांजी के अध्यक्ष श्रीमती रेखा ताराचंद कालबेले ने बुधवार को रात, और गुरुवार कि सुबह से दोपहर 2बजे तक की बिजली कटौती पर कड़ा एतराज जताया। उन्होंने बिजली बोर्ड से मांग की है कि बिजली कटौती के बारे में समय से सूचना दी जाए ताकि वे वैकल्पिक व्यवस्था कर सकें। लगातार हो रही बिजली कटौती से नगरीय व ग्रामीणों तथा स्कूली बच्चोंमें रोष बढ़ता जा रहा है। गुरुवार को सुबह से दोपहर दो बजे तक बिना किसी सूचना के बिजली काट दी गई।

अघोषित बिजली कटौती से ग्रामीण परेशान हैं, खासकर बारिश के मौसम में. ग्रामीणों को बिना किसी सूचना के बिजली कटौती का सामना करना पड़ रहा है, जिससे उन्हें कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, जैसे कि पेयजल की कमी, मच्छरों का प्रकोप, और स्कूली बच्चों को ऑनलाइन प्रक्रिया में परेशानी. बिजली कटौती के कारण, ग्रामीण बारिश में परेशान हैं और उनके दैनिक काम प्रभावित हो रहे हैं।

**पूरे साल चलता है रख-रखावः** बिजली के उपकरणों का पूरे साल रख-रखाव किया जाता है। इसके बावजूद गर्मी के दौरान भी निर्बाध विद्युत आपूर्ति नहीं होती है। भीषण गर्मी या फिर बारिश फिर भी बिजली विभाग बिजली के उपकरणों के रख-रखाव के नाम पर कई घंटे बिजली गुल हो जाती है। इसके कारण लोगों का घरों में बैठना मुश्किल हो जाता है।

मेंटेनेंस के नाम पर बिजली कटौती एक नियमित घटना बन गई है, जिससे लोगों को काफी परेशानी हो रही है। कई बार, बिजली कटौती की घोषणा पहले से नहीं की जाती है, जिससे लोगों को अचानक बिजली गुल होने की समस्या का सामना करना पड़ता है।

बिजली कटौती के कारण, लोगों के दैनिक जीवन, काम-धंधे और व्यवसाय प्रभावित हो रहे हैं। विशेष रूप से, बारिश के मौसम में बिजली कटौती से लोगों को बहुत परेशानी होती है।

बिजली विभाग को चाहिए कि वह बिजली कटौती की योजना पहले से ही घोषित करे ताकि लोगों को अपनी तैयारी करने का समय मिल सके। इसके अलावा, बिजली विभाग को यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि कटौती का समय कम से कम हो और कटौती के दौरान लोगों को आवश्यक सुविधाएं मिलती रहें।

बिजली की कटौती से बैंकों के काम पर भी असर पड़ा। बिजली की कटौती से बैंकों के एटीएम, ऑनलाइन बैंकिंग, और अन्य डिजिटल सेवाओं में रुकावट आई, जिससे दूर दराज से ग्राहकों को परेशानी करना पड़ा । इसके अलावा, बिजली की कटौती से बैंक कर्मचारियों को भी काम करने में मुश्किल हुई, जिससे बैंक के सामान्य कामकाज पर काफ़ी असर पड़ा।

## अज्ञात वृद्ध महिला का शव मिलने से सनसनी

**किरनापुर।** पुलिस थाना किरनापुर के अंतर्गत आने वाले ग्राम भुवा से होकर गुजरने वाली सोन नदी के पल्हेरा घाट में विगत दिवस सुबह 11:00 बजे के लगभग एक अज्ञात वृद्धा महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई ।जानकारी अनुसार विगत 16 मई को सुबह 11:00 बजे ग्रामीणों ने सोन नदी के पलेरा घाट में महिला का शव उतराता हुआ दिखाई देने की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के तुरंत बाद किरनापुर पुलिस थाना से थाना प्रभारी एवं अपने स्टाफ के साथ आरक्षक जितेंद्र शरणागत आरक्षक ,यशवंत राव गबने सैनिक ,घटना स्थल पर पहुंचे शव लगभग 6 से 7 दिन पुराना होने का अनुमान लगाया गया है ।हालांकि महिला की पहचान नहीं हो पाई है। जो पुलिस जांच का विषय है महिला के शव को बरामद कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किरनापुर लाया गया जहां महिला के शव का पीएम करने के पश्चात मर्म कायम कर विवेचना में दिया गया ।और जांच प्रारंभ की गई है ।समाचार लिखे जाने तक मृतक महिला की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

# अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग के 10 हजार 506 छात्र छात्राओं का पोर्टल पर हुआ पंजीयन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

शासन द्वारा अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग के कक्षा 9 से लेकर 12वीं तक एवं कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं को दी जाने वाली छात्रवृत्ति के लिए नेशनल स्कॉलरशीप पोर्टल पर पंजीयन अनिवार्य किया गया है। इसके लिए छात्र छात्राओं का ओटीआर (वन टाईम रजिस्ट्रेशन) करना होता है। एक बार ओटीआर हो जाने के बाद आने वाले वर्षों में छात्र वृत्ति के लिए आवेदन करते समय इसी पंजीयन नम्बर का उपयोग कर आवेदन किया जा सकता है। जिले में अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग के कुल 22 हजार 643 छात्र छात्राऍं है इनमें से 10 हजार 506 छात्र छात्राओं का ओटीआर हो चुका है।

जिले में दर्ज किये गए कक्षा 9वीं से 12वीं तक के कुल छात्र छात्राओं में अनुसूचित जनजातीय वर्ग के 11 हजार 233 एवं अनुसूचित जाति वर्ग के 2561 छात्र छात्राऍं शामिल है। इसके साथ ही कॉलेजों में अनुसूचित जनजातीय वर्ग के कुल 5512 एवं अनुसूचित जाति वर्ग के कुल 5898 छात्र छात्राऍं शामिल है। इस प्रकार जिले में कक्षा 9 से 12वीं तक एवं कॉलेज में अध्ययनरत अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के छात्र छात्राओं की कुल संख्या 22 हजार 643 है।

इन छात्र छात्राओं में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के अनुसूचित जनजातीय वर्ग के कुल 7345 तथा अनुसूचित जाति वर्ग के कुल 1288 छात्र छात्राओं का ओटीआर हो चुका है। जिसमें बैहर विकासखंड के अनुसूचित जनजातीय वर्ग के 1730 और अनुसूचित जाति वर्ग के 61 छात्र-छात्राऍं शामिल है। इसी तरह बिरसा विकासखंड के अनुसूचित जनजातीय वर्ग के 1975 एवं अनुसूचित जाति वर्ग के 110, परसवाड़ा के 2037 एवं 129, लांजी के 597 एवं 218, किरनापुर के 64 एवं 118, बालाघाट के 345 एवं 109, वारासिवनी के 89 एवं 46, लालबर्रा के 193 एवं 127, कटंगी के 243 एवं 303 तथा खैरलांजी विकासखंड के अनुसूचित जनजातीय वर्ग के 72 एवं अनुसूचित जाति वर्ग के 67 छात्र छात्राऍं शामिल है। इसके साथ ही कॉलेजों में अनुसूचित जनजातीय वर्ग के कुल 8489 एवं अनुसूचित जाति वर्ग के 2017 छात्र छात्राओं का ओटीआर हो चुका है।

खबर संक्षेप

## नवोदय चयन परीक्षा कक्षा 6 वीं के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 29 जुलाई

हरिभूमि न्यूज सिवनी। जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र सिवनी ने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय कान्हीवाडा में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा दिसम्बर 2025 में आयोजित होगी। जिसके लिए सत्र 2025-26 में कक्षा 5वीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों से ऑनलाइन आवेदन पत्र आंमत्रित किये जा रहे है। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 29 जुलाई 2025 है। कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के द्वारा छात्र-छात्राओं में प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति रूचि जागरूक करने के उद्देश्य से जिले के समस्त शासकीय/अशासकीय शालाओं मे कक्षा 5वीं की वर्तमान दर्ज संख्या के विरूद्य शतप्रतिशत छात्र-छात्राओं के ऑनलाइन आवेदन कराये जाने हेतु सर्वसंबंधितों को निर्देशित किया गया है।

### जिले में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लॉन्च किया गया

# ऑनलाईन भू-अभिलेख पोर्टल वेब जीआईएस 2.0

**अधीक्षक भू-अभिलेख सिवनी द्वारा बताया गया कि शासन के निर्देशानुसार राजस्व विभाग द्वारा डिजिटल भू-अभिलेखों खसरा/नवशा/खतीनी क्च 1/भू-अधिकार पुस्तिका के प्रबंधन को एक नई दिशा देते हुए नवीन पोर्टल वेब जीआइएस 2.0, की शुरुवात 21 जुलाई से की गई है।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

उन्होंने बताया कि संपूर्ण म.प्र. में जिला सिवनी एवं जिला नरसिंहपुर को पायलेट जिले के रूप में चुना गया है। आम नागरिकों एवं विभागीय उपयोगकताओं को इस पोर्टल में काफी सुविधाएं उपलब्ध करायी गई हैं। इस पोर्टल के माध्यम से आम नागरिकों, कृषकों एवं अन्य खातेदारों को राजस्व से जुडी नागरिक सेवाओं का लाभ ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से घर बैठे मिल रहा है। नये पोर्टल में आधुनिक तकनीकी का उपयोग करते हुए इसे काफी यूजर फ्रेंडली एवं इंटरेक्टिव बनाया गया है।

विभागीय उपयोगकर्ता जैसे बैंक, लोक सेवा केंद्र, पटवारी, एवं वरिष्ठ अधिकारी भी पूर्व पोर्टल की तुलना में नवीन पोर्टल में उपलब्ध अधिक विशेषताओं के साथ राजस्व कार्यो का क्रियान्वयन सरलता एवं सुगमता से संपन्न कर पायगें।

जिससे आम नागरिकों को बेहतर सेवाएं प्रदान हो सकेगी एवं विभागीय कार्यों को संपादित करने में तुलनात्मक कम समय लगेगा। आम नागरिक अपनी भूमि की स्थिति, आकार और स्थान की जानकारी भू-मानचित्र के साथ ऑनलाइन देख सकेंगे। इससे जमीन के अभिलेखों के संधारण में पारदर्शिता बढ़ेगी। भू-लेख पोर्टल पर उपलब्ध राजस्व रिकार्ड का उपयोग विभिन्न जनहितैशी योजनाओं एवं विभिन्न शासकीय विभागों में किया जा रहा है। पीएम किसान, सीएम किसान योजना के लाभ तथा फार्मर रजिस्ट्री, ई-उपार्जन, स्वामित्व योजना, संपदा पोर्टल, फसल बीमा, गिरदावरी, के सी सी इत्यादि में इंटीग्रेशन के माध्यम से रियल टाईम में भू-लेख पोर्टल पर उपलब्ध डाटा का उपयोग किया जा रहा है जिससे किसानों एवं खातेदारों को अपने विभिन्न कार्यों में काफी सुविधा मिल रही है।

नवीन भू-लेख पोर्टल को जिले में चालू करने उपरांत आम नागरिकों एवं विभागीय अधिकारी/कर्मचारियों के समक्ष आने वाली परेशानियों एवं तकनीकी समस्याओं की वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सतत मॉनिटरिंग एवं समाधान किया जा रहा है जिससे कि नवीन पोर्टल के उपयोग को सुगम बनाया जा सके।

# केवलारी रेलवे स्टेशन में टिकिट बुकिंग रिजर्वेशन काउंटर शुरू

हरिभूमि न्यूज केवलारी।



दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे डिवीजन नागपुर के अंर्तगत केवलारी- स्टेशन से रेल्वे को नेरोगेज ट्रेन के समय से ही अधिक राजस्व देने बाला रेल्वे स्टेशन है।केवलारी- मे आरक्षण खिड़की खोलने के लिये हमेशा मांग रखी जाती थी।जनमांग को देखते हुये दीपक गुप्ता डिविजनल रेल मेनेजर के आदेश व दिलीप सिंह बारिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक के मार्गदर्शन मे दिनांक 24 जुलाई से आरक्षण बिंडो चालु कर दी गयी है।व्ही पी आर नायडू पीआरओ के द्वारा जारी प्रेस विज्ञाप्ति मे लेख किया है कि रेल यात्रियों की सुविधाओं को और बेहतर बनाने की दिशा में दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे के नागपुर मंडल द्वारा हर संभव प्रयास किया जा रहा है। अब केवलारी रेलवे स्टेशन पर भी संयुक्त टिकिट काउंटर (UTS सह PRS) की सुविधा दिनांक 24 जुलाई से प्रारंभ कर दी गई है, जो हर दिन दोपहर 14:00 से 16:00 बजे तक उपलब्ध रहेगी।भारत के किसी भी राज्य की यात्रा करने के लिये अब क्षेत्रवासियों को नैनपुर सिवनी नही जाना पडेगा।ये तो जनहित मे किया गया निर्णय स्वागत ओर इतिहासिक है केवलारी- मे मात्र एक स्टेशन मास्टर है ,ये पहली बार ऐसा हो रहा है कि तीन रनिंग स्टाफ के स्थान पर एक के ही भरोसे अब रिजर्वेशन बुकिंग चालू होने के बाद एक बीसी की जरूरत देखी जा रही है सिनियर वाणिज्य प्रबंधक महोदय से नगर वासी मांग करते है कि आरबीसी एक्सपर्ट स्टाफ की पदस्थापना करे जिससे आरक्षण का सही तरीके से फायदा मिल सके।

# युवती को शादी के लिए दबाव डालने और चाकू से धमकाने वाला युवक डूंडासिवनी पुलिस की गिरफ्त में

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

**सिवनी जिले के डूंडासिवनी थाना क्षेत्र में एक 21 वर्षीय युवती को शादी का दबाव डालकर धमकाने और चाकू दिखाकर डराने वाले युवक को पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया है।**

इस कार्रवाई में पुलिस की त्वरित प्रतिक्रिया और सतर्कता की सराहना की जा रही है। डूंडासिवनी थाना क्षेत्र के जनता नगर निवासी एक महिला ने अपनी 21 वर्षीय बेटी के साथ थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।

महिला ने बताया कि उसकी बेटी की पहचान एक युवक से थी, जो पिछले कुछ समय से शादी का दबाव बनाकर मानसिक रूप से परेशान कर रहा था।

पीड़िता की मां ने बताया कि 22 जुलाई 2025 को युवक एक बार फिर उनके घर आया और युवती से शादी करने की जिद करने लगा। जब युवती ने इंकार किया, तो युवक ने चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। इसके अलावा, आरोपी ने फोन में मौजूद युवती के निजी फोटो वायरल करने की धमकी भी दी।

घटना की गंभीरता को देखते हुए डूंडासिवनी थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश तिवारी ने तत्परता दिखाई और उच्च अधिकारियों - पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा और सीएसपी श्रीमती पूजा पांडे के मार्गदर्शन में एक विशेष टीम गठित की गई।

# सतत रूप से की जा रही खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच, 2 माह में हुआ एक लाख तीस हजार से अधिक का जुर्माना

**कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के निर्देशानुसार जिले में अमानक खाद्य पदार्थों का निर्माण, भंडारण एवं विक्रय करने वालों पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के जांच दल सतत कार्रवाई की जा रही है**



हरिभूमि न्यूज सिवनी।

साथ ही विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण कर विभिन्न खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांच की जा रही है।

इसी क्रम में विगत सप्ताह घंसौर, धनौरा, कुरई स्थित विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया, रिजेंटाअरयणी एवं मिस्ट्री ओसी एस रिसॉर्ट मे नॉनवेज एवं वेज को पृथक न रखने,अवशिष्ट पदार्थों के सही निपटारा न होने के कारण, खाद्य सुरक्षा मामलों की अनदेखी करने के कारण प्रतिष्ठानों को सुधार सूचना पत्र जारी किया एवं 30 दिनों में सुधार नहीं किए जाने पर लाइसेंस निलंबन की कार्यवाही की जाएगी, मई जून में अपर कलेक्टर न्यायालय से 09 मामलों में 01 लाख 30 हजार का अर्थदंड अधिरोपित किया गया। विगत 2 माह में कुल 111 नमूने लिए।

## वर्षा ऋतु में वाहन संचालन के दौरान दुर्घटनाओं की आशंका को लेकर एडवाइजरी जारी

हरिभूमि न्यूज सिवनी। अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी सिवनी द्वारा वर्षा ऋतु में वाहन संचालन के दौरान दुर्घटनाओं की आशंका के मद्देनजर रोकथाम एवं बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी सिवनी द्वारा जारी एडवाइजरी अनुसार जलमग्न पुल-पुलियों या रपटों पर किसी भी स्थिति में वाहन न चलाये जाए, वाहनों की तकनीकी फिटनेस की पूर्व जांच कर उन्हें ही संचालन मे लाएं, वाहनों में ओवरलोडिंग पूर्णतः वर्जित रहेगी। गीली सड़कों पर गाड़ी चलाते समय गति कम रखें और अचानक मुड़ने या ब्रेक लगाने से बचें। आगे चल रहे वाहन से सुरक्षित दूरी बनाएं रखें ताकि अचानक ब्रेक लगाने की आवश्यकता पड़ने पर पर्याप्त समय मिल सके। बारिश में विंडशील्ड वाइपर का उपयोग करें और सुनिश्चित करें कि आपकी हेडलाइट्स और टेललाइट्स ठीक से काम कर रही हैं। टायरों में पर्याप्त हवा भरें और उनकी स्थिति की जांच करें ताकि फिसलन से बचा जा सके। बारिश में गाड़ी चलाते समय अन्य वाहनों और पैदल चलने वालों के प्रति जरूरी सावधानी बरतें। बारिश में अपने वाहन की हेडलाइट्स को चालू रखें ताकि दृश्यता बनी रहे। गीली सड़कों पर गाड़ी चलाते समय गति कम रखे और अचानक मुड़ने या ब्रेक लगाने से बचें।

## मातृ वंदना योजना के संबंध में दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज सिवनी। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास अधिकारी सिवनी ने जानकारी देकर बताया कि शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के मार्गदर्शन में मिशन शक्ति हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वूमेन में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना अंतर्गत नामांकन अभियान अंतर्गत सिवनी शहर की आंगनवाडी केंद्र में आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के बारे में देते हुए पात्र हितग्राहियों को गर्भावस्था के दौरान महिलाओं का पोषण सुनिश्चित करना एवं प्रसवपूर्व जांच को बढावा देना एवं शिशु के टीकाकरण को प्रोत्साहित करना। योजना का लाभ गर्भवती महिलाओं सुरक्षित गर्भावस्था के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करती है। जिसमें सुरक्षित और स्वस्थ गर्भावस्था को बढावा देना। पहले बच्चे के लिए कुल 5000/- रू पहली किस्त 3000/- रू गर्भावस्था के पहले 6 माह में पंजीकरण और कम से कम एक प्रसव पूर्व जाँच ) के बाद और दूसरी किस्त 2000/- रू बच्चे का जन्म पंजीकरण और 14 सप्ताह के टीकाकरण के बाद एवं 6000/-दूसरे बच्चे के लिए (यदि लड़की हो) बच्चे का जन्म पंजीकरण और 14 सप्ताह के टीकाकरण के बाद की राशि मिलती है।

# एक्शन मोड में सिवनी पुलिसः होटलों में अचानक दबिश, अवैध गतिविधियों पर कसा शिकंजा

**शहर की फिजा में सुरक्षा का संदेश फैलाने वाली पुलिस ने आज एक बार फिर अपने तीखे तेवर दिखा दिए। पुलिस अधीक्षक श्री सुनील मेहता के निर्देशन और नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती पूजा पांडेय के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस ने आज सिवनी शहर के प्रमुख होटलों में अचानक चैकिंग कर सबको चौंका दिया।**




हरिभूमि न्यूज सिवनी।

इस विशेष अभियान में कनिष्क होटल, गैलेक्सी होटल और सिद्धार्थ होटल को निशाने पर लिया गया। अपर पुलिस अधीक्षक श्री दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन में की गई इस कार्रवाई का उद्देश्य था - शहर में संचालित हो रही अवैध गतिविधियों पर लगाम कसना।

### होटल संचालकों को मिली सख्त हिदायतें

चेकिंग के दौरान पुलिस ने होटल संचालकों को न केवल मौखिक समझाइश दी, बल्कि उन्हें कुछ महत्वपूर्ण निर्देशों का पालन अनिवार्य रूप से करने को भी कहा गया होटलों में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों की अनुमति नहीं होगी। होटल में ठहरने वाले हर मेहमान से आधार कार्ड या वोटर आईडी की प्रति लेना अनिवार्य होगा। नाबालिग लड़के/लड़कियों को ठहराना पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। हर होटल को अपने मेहमानों का रिकॉर्ड सुनियोजित तरीके से रजिस्टर में दर्ज करना होगा। फरार या वांछित अपराधियों की संभावित छिपने की जगह बनने से रोकने के लिए होटल संचालक को मेहमानों की जानकारी प्रतिदिन संबंधित थाना में देनी होगी। हर होटल में उच्च गुणवत्ता वाले कैमरे लगाना जरूरी होगा, साथ ही उसकी रिकॉर्डिंग भी सुरक्षित रखनी होगी।

सूत्रों के मुताबिक, हाल के दिनों में शहर के कुछ होटलों में नशे का व्यापार, जुआ, वेश्यावृत्ति और हथियारों की तस्करी जैसी आपत्तिजनक गतिविधियों की आशंका जताई जा रही थी। इन्हीं संदिग्ध गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए कोतवाली पुलिस ने कमर कस ली।

## सर्पदंश से बचाव के लिए रखें सावधानी, सर्पदंश की स्थिति में स्वास्थ्य केन्द्र में करायें उपचार

**सिवनी** / सर्पदंश के कारण बडी संख्या में लोगों की मृत्यु होती है। विगत वर्ष में जिले में कुल 47 लोगों की मृत्यु सर्पदंश के कारण हुई है। सर्पदंश से सुरक्षा के लिए सामान्य सुरक्षा उपायों का पालन कर इन घटनाओं से बचा जा सकता है।

उपयोग करने से पहले स्लीपिंग बैग, जूते और कपड़ों को खोलकर हिलाएं ताकि उनमें छिपे सांप (और अन्य जानवर और कीड़े) बाहर निकल जाएं। किसी पेड़ के नीचे बैठने से पहले जमीन की जांच कर लें। झाड़ियों या गहरी रेत में चलते समय जूते, मोजे और लंबी पतलून पहनें। रात में टहलते समय, जलावन की लकड़ियाँ इक_करते समय, विशेष रूप से भारी बारिश के बाद, टॉर्च का प्रयोग करें। सांपों को परेशान न करें, उनके पास न जाएं, जमीन पर सोते समय साधारण मच्छरदानी का उपयोग करें अथवा पलंग पर सोएं। बाहर पहाड़ी-खेतों में जाते समय लॉन्ग बूट पहनें। ऐसी जगह पर जहां सांपों का खतरा अधिक रहता है, वहां पर छड़ी से जमीन पर आवाज करते हुए चलें। पत्थरों के नीचे, गड्ढे के अंदर जिन जगहों पर सांपों के छुपे होने की आशंका रहती है, उन जगहों से छेड़छाड़ न करें। अपने घर के आसपास की घास समय-समय पर कटवाते रहें। घर या फिर दुकान में किसी तरह का कबाड़ इक_ा न होने दें। घर या दुकान में छोटे-छोटे गड्ढे और दरार हैं, तो उसे बंद करें। घर के आस पास कूड़ा इक_ा नहीं होने दें। यदि मजबूत चमड़े के जूते न पहने हों तो ऊंची घास वाले स्थानों से दूर रहें। जहां तक सम्भव हो स्वयं को पगडण्डियों तक सीमित रखें। **सर्प दंश के लक्षण** सांप के डसने या काटने से अलग-अलग लक्षण दिखाई देते हैं। जैसे- काटने वाली जगह पर दर्द-सूजन, उल्टी-जी मिचलाना, अकड़न-कंपकपी,एलर्जी स्किन कलर में चेंज, पेट दर्द-दस्त, बुखार-सिरदर्द, काटने वाली जगह काली पड़ने लगी हो, कमजोरी,प्यास लगना,लो बीपी, घाव से खून बहना, अंगों के आसपास के हिस्से का सुन्न पड़ना **सर्प दंश के बाद क्या करें** सबसे पहले जिसे सांप ने काटा है उसे लिटा दें ताकि चलने-फिरने से जहर न फैले। उसे हिम्मत दें जिससे वो घबराये नहीं, घबराने से हृदय की गति बढ़ जाती है, जिससे विष का फैलाव तेजी से हो सकता है। पीडित को निकटतम स्वास्थ्य केंद्र या अस्पताल तत्काल ले जाएं। यदि संभव हो, तो सांप की पहचान करने की कोशिश करें। सांप को पकड़ने या मारने की कोशिश न करें, बस उसके रंग, आकार, और अन्य विशेषताओं को याद रखें।

# सार्वजनिक स्थानों पर शराब का सेवन करने वालों पर कोतवाली पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई,11 शराबियों को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज सिवनी।



पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता अवैध गतिविधियों की रोकथाम के खिलाफ न केवल सख्त है, अपितु प्रभावी कार्रवाई हेतु निर्देश प्राप्त हुए हैं जो एएसपी दीपक मिश्रा एवं सीएसपी पूजा पांडे के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस द्वारा 23 जुलाई, 2025 को छिन्दवाड़ा बायपास के पास कनिष्क के सामने एवं दल सागर के पास सार्वजनिक स्थानों में शराब का सेवन करने वालें।। शराबियों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए धर दबोचा। उल्लेखनीय है कि 23 जुलाई, 2025 को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि शहर के दल सागर के पास एवं छिन्दवाड़ा बायपास के पास कनिष्क के सामने सार्वजनिक स्थानों में कुछ व्यक्ति शराब का सेवन कर रहे है जिससे आने-जाने आमजनों को समस्या हो रही है सूचना पर थाना कोतवाली द्वारा तत्काल अलग-अलग टीम गठित कर कनिष्क के सामने एवं दल सागर के पास घेराबंदी कर दबिश देकर रेड कार्रवाई की गई। जिसमें 11 शराबियों को पकड़ने में सफलता प्राप्त हुई। जिनके विरूध्द आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए पृथक-पृथक अपराध कायम कर विवेचना में लिया।

### गिफ्ट अ डेस्क पहल को मिल रहा दानदाताओं का पुरजोर समर्थन

# जय अम्बे सिक्योरिटी, जैस क्रिकेट क्लब एवं यादव महासभा द्वारा उपलब्ध कराई गई 100 डेस्क बेंच

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के निर्देशन में संचालित गिफ्ट अ डेस्क पहल में दानदाताओं का पुरजोर समर्थन मिल रहा है। बडी संख्या में दानदाता शासकीय विद्यालयों के लिए डेस्क गिफ्ट कर रहे हैं। जिससे संपूर्ण जिले में गिफ्ट अ डेस्क पहल को लेकर सकारात्मक वातावरण निर्मित हुआ है। इसी कडी में इस अभियान में सहभागिता कर जय अम्बे सिक्योरिटी,



जैस क्रिकेट क्लब एवं यादव महासभा द्वारा संयुक्त रूप से 100 डेस्क बेंच उपलब्ध कराई गई है। जिससे उडेपानी में 28, भोमाटोला में 18, इंदावाडी में 16 जटलापुर में 14, झीलपिपरिया में 14 तथा पिंडरई में 10 डेस्क बेंच प्राप्त हुई है। बुधवार 23 जुलाई का प्राथमिक शाला भोमाटोला में कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन एवं दानदाताओं की विशेष उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कलेक्टर सुश्री जैन ने सभी दानदाताओं को धन्यवाद पत्र देकर प्रोत्साहित किया। कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने कहा कि गिफ्ट अ डेस्क पहल के उद्देश्यों को रेखांकित करते हुए कहा कि पहल का मुख्य उद्देश्य सुगम कक्षा और सकारात्मक वातावरण का निर्माण कर बच्चों को स्कूलों तक लाना और नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करना है। कलेक्टर सुश्री जैन ने उपस्थित ग्रामीणों से भी बच्चों की बेहतर शिक्षा में भागीदारी निभाने की बात कही। उन्होंने कहा कि हम सभी को अपने ग्राम के बच्चों की जिम्मेदारी लेने की जरूर है कि बच्चें अनिवार्य रूप से स्कूल जाये। इसी तरह शिक्षकों की जिम्मेदारी है कि बच्चों को रोचक रूप से पढ़ाया जाये।

### 50 हजार नगद जमा करने से करते हैं इनकार

# घंसौर एसबीआई कर्मचारियों की मनमानी से ग्राहक परेशान

घंसौर / मुख्यालय घंसौर के भारतीय स्टेट बैंक की शाखा इन दिनों चर्चाओं में है, बैंकिंग सेवा की गुणवत्ता या ग्राहकों की सुविधा को लेकर नहीं, बल्कि बैंक कर्मचारियों की मनमानी, अभद्रता और दलाली जैसे गंभीर आरोपों के कारण ग्राहक परेशान हैं मिली जानकारी के अनुसार हाल ही में एक ग्राहक जब 50 हजार रुपये की राशि जमा करने बैंक पहुंचा, तो कर्मचारियों ने यह कहकर राशि लेने से मना कर दिया कि 50 हजार की राशि जमा नहीं होगी, या तो इससे कम दीजिए या




ज्यादा। जब ग्राहक ने कारण जानना चाहा तो बैंककर्मियों ने न सिर्फ सहयोग से इनकार किया, बल्कि अभद्र भाषा का प्रयोग भीकिया, ग्राहकों का आरोप है कि यह कोई एक दिन की बात नहीं है। लंबे समय से बैंक में सामान्य कार्य जैसे खाता खुलवाना, पासबुक एंट्री, नकद जमा या निकासी, ऋण आवेदन जैसी सेवाओं के लिए भी कर्मचारियों केमाध्यम से काम नहीं होता, आरोप है कि जब तक बैंक के बाहर सक्रिय दलालों को चढ़ावा न दिया जाए। स्थानीय निवासी बताते हैं कि बैंक के बाहर कुछ चुनिंदा लोग सक्रिय रहते हैं जो खुद को बैंक से जुड़े बताते हैं और 100 से 500 तक की रकम लेकर काम को प्राथमिकता दिलवाने का दावा करते हैं। कहा तो यह भी जाता है कि कई बार तो बैंक के अंदर बैठे कर्मचारी ही इन्हें निर्देश देते नजर आते हैं। इस प्रकार की अव्यवस्था और मनमानी से जनता परेशान है तथा अब उन्होंने बैंक प्रबंधन से कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्रीय प्रबंधक व एसबीआई के वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की गई है कि शाखा का औचक निरीक्षण कर दोषियों पर सख्त कार्यवाही की जाए।

## फसल बीमा की अंतिम तिथि 31 जुलाई

**सिवनी।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत खरीफ फसलों के लिए बीमा के पंजीयन की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2025 निर्धारित है। इच्छुक कृषक उक्त तिथि में अपनी फसलों का बीमा करवा सकते हैं। खरीफ मौसम में पटवारी हल्का स्तर की फसलें मक्का, धान सिंचित, धान असिंचित, तुअर हेतु बीमित राशि का अधिकतम मात्र 2 प्रतिशत प्रीमियम कृषक भाईयों द्वारा देय है। शेष प्रीमियम राशि राज्य एवं केन्द्र सरकार द्वारा देय होगी। अल्पकालीन फसल ऋण प्राप्त करने वाले कृषकों का विवरण संबंधित बैंक द्वारा दिया जायेगा। अऋणी कृषक अपनी अधिसूचित फसलों का बीमा सहकारी समितियों, ग्राम पंचायत स्तर पर स्थापित कॉमन सर्विस सेंटर, सभी बैंकों तथा फसल बीमा पोर्टल के माध्यम से करा सकते हैं।

## हम फाउण्डेशन भारत द्वारा पुलिस अधिक्षक सुनील मेहता सम्मानित



राष्ट्रीय सेवा व सांस्कृतिक सन्गठन हम फाउन्डेशन भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष एड निशिकान्त चौधरी ने सिवनी जिला प्रवास दौरान भारतीय पुलिस प्रशासनिक सेवा के सिवनी जिले के पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता से सौजन्य भेट की। संगठन द्वारा चलाये जा रहे प्रकल्पों की जानकारी प्रदान कर पुलिस द्वारा चलाये जा रहे नशामुक्ति अभियान में स्थानीय शाखा के सहयोग की अपेक्षा को स्वीकार कर संगठन की और से शाल , माला एवं स्मृतिचिन्ह प्रदान कर पुलिस अधीक्षक का अभिनंदन किया। इस अवसर पर केंद्रीय कार्यालय प्रतिनिधि मुनमुन भट्टाचार्य , सिवनी शाखा के प्रकाश सूर्यवंशी, नितेश गोयल, गिरीश अग्रवाल , नितिन गोयल आदि सदस्य पदाधिकारियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

### रूपेश पर था 10000 का इनाम घोषित

## वन विभाग में नौकरी दिलाने के नाम पर करते थे अवैध वसूली

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में वनविभाग में नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी के मामले में भरवेली पुलिस ने गुरुवार को फरार आरोपी रूपेश ब्रम्हें को गिरफ्तार किया है। यह इस मामले में तीसरी गिरफ्तारी है।

भरवेली थाना प्रभारी संजय ऋषिश्वर ने बताया कि आरोपी रूपेश ब्रम्हें वनविभाग में नौकरी के नाम पर मुरैना के केमरा निवासी रामकुमार गुर्जर के लिए फर्जी दस्तावेज बनाने में शामिल था। इससे पहले मुख्य आरोपी सुमित



ब्रम्हें और फोटोकॉपी संचालक लक्ष्मीनारायण सहारे को गिरफ्तार किया जा चुका है।

पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने रूपेश की गिरफ्तारी पर 10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था।

थाना प्रभारी ने बताया कि इस मामले में और भी लोगों के बारे में जांच जारी है और आगे भी गिरफ्तारियां हो सकती हैं।

मामले के अनुसार, सुमित ब्रम्हें ने अपने साथियों के साथ मिलकर रामकुमार से वनविभाग में नौकरी दिलाने के नाम पर 30 हजार रुपए नगद और विभिन्न ऑनलाइन माध्यमों से 1 लाख 60 हजार रुपए लिए थे। आरोपियों ने रामकुमार को नौकरी का ज्वाइनिंग लेटर, वनविभाग की वर्दी और आईडी भी दी थी।

जब रामकुमार को आरोपियों पर शक हुआ, तो उसने भरवेली पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने जांच के बाद तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गुरुवार को गिरफ्तार किए गए रूपेश ब्रम्हें को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया है।

### रिश्वत लेते एडीएम कार्यालय का डाटा एंट्री ऑपरेटर ट्रेप

## कलेक्ट्रेट कार्यालय में लोकायुक्त की दबिश

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट कलेक्टर कार्यालय में लोकसेवा प्रबंधन विभाग के डेटा इंट्री ऑपरेटर और एडीएम के प्रभारी स्टेनो राजेन्द्र कुमार मसकरे को जबलपुर लोकायुक्त की टीम ने 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है।

यह मामला नवीन आधार आईडी बनाने से जुड़ा है। डेटा इंट्री ऑपरेटर ने आवेदक से 10 हजार रुपए रिश्वत की मांग की थी। इसके बाद आवेदक ने जबलपुर में लोकायुक्त एसपी से शिकायत की। जांच के बाद लोकायुक्त पुलिस ने गुरुवार को कलेक्टर कार्यालय में स्टेनो कक्ष में राजेन्द्र कुमार मसखरे को रिश्वत लेते



पकड़ा गया।

लोकायुक्त निरीक्षक जितेन्द्र यादव ने बताया कि कटंगी के महकेपार निवासी मेहरचंद सुलकिया ने शिकायत की थी कि उनकी पत्नी के नाम से कटंगी में लोक सेवा केंद्र है। नवंबर 2024 में उन्होंने नवीन आधार आईडी बनाने के लिए कलेक्टर कार्यालय के लोक सेवा प्रबंधन विभाग में आवेदन किया था।

इस दौरान राजेन्द्र कुमार मसकरे ने 10 हजार रुपए की मांग की थी। शिकायत की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने एडीएम स्टेनो कक्ष में उन्हें रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। अब उन पर भ्रष्टाचार निवारण के तहत अपराध दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

बताया जाता है कि कलेक्टर कार्यालय में यह पहला मामला है, जब प्रशासन के एक विभाग और प्रशासनिक अधिकारी के अधीनस्थ कर्मचारी को लोकायुक्त पुलिस ने रिश्वत के मामले में गिरफ्तार किया है। कार्रवाई में लोकायुक्त की 8 सदस्यीय टीम शामिल थी। इसमें निरीक्षक जितेन्द्र यादव, आरक्षक अतुल श्रीवास्तव, विजय विष्ठ, पुणित सिंह और राकेश मौजूद थे।

## मौसम बिसेन राज्य पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग सदस्य राज्य मंत्री दर्जा ने संभाला पदभार

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

नव नियुक्त मध्यप्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग सदस्य (राज्य मंत्री दर्जा) प्राप्त मौसम बिसेन ने गुरुवार को आयोग के कार्यालय भोपाल में अपना विधिवत पदभार ग्रहण किया। यहां उन्होंने राज्य पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग अध्यक्ष डॉ रामकृष्ण कुसमारिया, पूर्व कैबिनेट मंत्री गौरीशंकर बिसेन आशीर्वाद प्राप्त किया। जहां आयोग के सचिव, वरिष्ठ अधिकारियों से आयोग की जानकारी से रूबरू हुई। पदभार संभालते ही मौसम बिसेन ने नवीन दायित्व के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री डां मोहन यादव, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा का मार्गदर्शन लेकर आभार जताया। इस अवसर पर पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश दिलीप भटेरे, सत्यनारायण



अग्रवाल, नपाध्यक्ष भारती सुरजीत सिंह ठाकुर, जिला पंचायत सभापति झामसिंह नागेश्वर, पूर्व नपाध्यक्ष अनिल धुवारे, भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय मिश्रा, सुरजीत सिंह ठाकुर, पुष्पा नागेश्वर, देवेंद्र गोलू ठाकरे, कन्हैया चौहान, कमलेश पांचे, वकील वाधवा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**सामान्य कार्यकर्ता को असमान्य अवसर:** इस दौरान मौसम बिसेन ने कहा, मैं सौभाग्यशाली हूं कि, मझ जैसी सामान्य कार्यकर्ता को पिछड़े वर्ग के कल्याण का असमान्य अवसर मेरे शीर्ष नेतृत्व ने दिया है। मैं विश्वास दिलाती है कि इस जवाबदेही को पूर्ण निष्ठा और लगन के साथ निर्वहन करूंगी। प्रदेश स्तर पर जिले की बेटी को महत्ती जिम्मेदारी मिलना बालाघाट के लिए सम्मान का विषय है। इसमें जनता जनार्दन और भाजपा के देवदुर्लभ कार्यकर्ताओं का अमूल्य योगदान है। जिसके लिए मैं उनकी सदा ऋणी रहूंगी।

### कृषि विभाग से भी सहयोग की कृषक ने की उम्मीद

## भंडारबोडी के किसान ने सब्जी की खेती करना किया शुरू, मेहनत से किसान का होगा विकास

**हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।** कृषक अपनी आय को बढाने के उद्देश्य से मेहनत कर खेति कार्य करने में लगा रहता है। अब किसान धान की खेती के अलावा सब्जी की खेती की ओर अग्रसर हो कर अपनी आय में बढौतरी करने में लगा हुआ ताकि उसकी आर्थिक स्थिती में सुधार हो सके। ऐसा ही कुछ देखने को मिला खैरलांजी तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम भंडारबोडी के कृषक मानिकचंद मंदरेले में जिन्होंने सब्जी की खेती करना शुरू कर अपनी आथिर्क स्थिती को मजबूत करने में लगा हुआ है जिसके लिए परिवार के सदस्यो के साथ दिन रात खेत में मेहनत कर करीब एक एकड से अधिक भूमि में सब्ज़ी उगा रहा है। साथ ही अन्य कृषको को भी सब्जी की खेती करने के लिए प्रेरित करता है। कृषक मानिकचंद मदरेंले ने बताया की एक वर्ष से करीब एक एकड से अधिक भूमि में सब्जी की खेती की जा रही है, खेत में बरबटी, भिंडी, करेला, टमाटर, भट्टे, तुरही सहित अन्य सब्जिया उगाई जा रही है । समय पर सब्जी की खेती की निदाई गुढाई करनी होती है साथ ही समय पर बीमारी के रोकथाम के लिए कीटनाशक का छिड़काव करना होता है। फसल आने पर सब्जी की तुढाई भी



उपयुक्त समय पर कर थोक और चिल्लर रूप से सब्जी बेची जाती है। कृषक ने बताया की सब्जी की खेती करने में मेहनत के साथ साथ लागत भी लगती है, उत्पादन अच्छा होने पर आय में इजाफा होता है । कृषक ने कृषि विभाग से सहयोग की उम्मीद जताई ताकी समय-समय पर मार्गदर्शित और उचित परामर्श प्रदान हो एवं कृषि विभाग से योजना का लाभ मिल सके। इस सबंध में जब कृषि विभाग के पदाधिकारी से चर्चा की तो बताया की कृषक के द्वारा पंजीयन करना होगा। जिससे बाद योजनाओ का लाभ मिलेगा । साथ ही सब्जी की खेती करने के लिए कृषक की सहारना की और हर संभव सहयोग प्रदान करने की बात कही।

## कोतवाली पुलिस की त्वरित कार्रवाई से दो चोरियों का पर्दाफाश



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट की कोतवाली पुलिस ने सांची दूध पार्लर और बाइक चोरी के मामले में 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें चोरी का सामान खरीदने वाले भी शामिल हैं। मोती नगर चौक स्थित अंकुश वाजपेयी के सांची दूध पार्लर से बेकरी का सामान और नकदी चोरी हुई थी। साथ ही जून और जुलाई में दो अलग-अलग मोटरसाइकिल चोरी की शिकायतें दर्ज हुई थीं। कोतवाली थाना प्रभारी विजय राजपूत ने दो टीमें बनाईं। सीसीटीवी फुटेज और मुखबिरों की मदद से पुलिस आरोपियों तक पहुंची। सांची पार्लर चोरी के मामले में रहीम खान, एक नाबालिग और चोरी का सामान खरीदने वाले अतुल बिजेवार को गिरफ्तार किया गया है। बाइक चोरी में बालाघाट के मनीष बाहेश्वर और अजय शर्मा को पकड़ा गया है। चोरी की बाइक खरीदने वाले नैनपुर निवासी राहुल नंदा और लकी उर्फ यशवंत जॉर्ज को भी गिरफ्तार किया गया है। न्यायालय में पेश करने के बाद सभी आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

### वरिष्ठ सेवानिवृत्त अधिकारी, कर्मचारियों का स्वागत - साझा किए अनुभव, दुर्गेश शिवालय ने किया मंच संचालन

## मध्यप्रदेश राज्य वन विकास निगम बालाघाट ने मनाया 50वाँ स्थापना दिवस









हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

मध्यप्रदेश राज्य वन विकास निगम लामता संभागीय कार्यालय बालाघाट ने बीते कल 24 जुलाई को 50वाँ स्थापना दिवस मनाया। कार्यक्रम में वन विकास निगम के सेवानिवृत्त वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी कार्यक्रम में पहुंचे आयोजक मंडल के द्वारा सभी वरिष्ठ कर्मचारियों का पुष्पगुच्छों से स्वागत किया गया। वहीं केक काटकर 50वॉ स्थापना दिवस को उत्सव के रूप में मनाया गया तथा एक-दूसरे का केक खिलाकर बधाई दी गई। प्रमुख रूप से कार्यक्रम में प्रांतीय अध्यक्ष गोविंद वासनिक ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम का आयोजन कर्मचारी संघ अध्यक्ष विजय कुमरे तथा दुर्गेश शिवालय एवं समस्त परियोजना परिक्षेत्र अधिकारी के मार्गदर्शन में तथा उनकी उपस्थिति में सम्पन्न किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे सेवानिवृत्त वर्मा जी ने मंच से अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि 1975 में वन विकास निगम की स्थापना की गई थी, पूर्व में परिस्थितियां बड़ी विपरीत थी, कार्य करना कठिन होता था हमारे द्वारा 1990 के दशक में वृक्षारोपण किया गया था, खासकर के भरवेली की पहाड़ियों में जो अब अत्यंत हरियाली हैं, वहीं सेवानिवृत्त तिवारी जी ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि वन विकास निगम में कर्मचारियों की संख्या कम हैं, कम वेतन पर कार्य करने के लिए वरिष्ठ अधिकारी प्रेशर बनाते हैं तथा यहां पदोन्नति के अवसर बहुत कम हैं किन्तु मुझे कार्य करने में बहुत आनन्द आया। यहां उपस्थित सभी कर्मचारियों से मेरी अपील हैं वन विकास निगम के लिए कड़ी मेहनत करें, अच्छा वृक्षारोपण करें ताकि बालाघाट का नाम पूरे प्रदेश में रोशन हो सकें। आगे तिवारी जी ने बताते हुए कहा कि वन विकास निगम



लामता के प्लांटेशन पूरे मध्यप्रदेश में प्रथम श्रेणी में गिने जाते हैं, वहीं प्रांतीय अध्यक्ष गोविंद वासनिक ने अपने उद्बोधन में उपस्थित सभी दल को स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि वन विकास निगम को ईमानदारी से मेहनत करनी होगी, अच्छे प्लांटेशन करने होंगे, अवैध कटाई को नियंत्रण करना होगा। ताकि मध्यप्रदेश सरकार को राजस्व की प्राप्ति हो सके। प्रांतीय अध्यक्ष ने आगे कहा कि हम संगठन के माध्यम से कर्मचारियों के अधिकारों की लड़ाई लड़ रहे हैं ताकि उनके अधिकार उन्हें



मिल सके। वन विकास निगम की स्वर्ण जयंती के अवसर पर 50 वीं वर्षगांठ मनाने हेतु निम्न अनुसार क्षेत्रीय अधिकारी कर्मचारी, कार्यालय स्टाफ लामता परियोजना मंडल बालाघाट कार्यालय में उपस्थित हुआ। रिटायरमेंट कर्मचारियों के नाम श्रीमती अंजना गाते प्रबंधक, श्रीमती कपूरा वैद्य सहायक प्रबंधक, विजय वर्मा डिप्टी रेंजर, कैलाश चंद्र कश्यप रेंजर, बीएन तिवारी रेंजर, श्री के एल जैतवार डिप्टी रेंजर, बीपी तिवारी डिप्टी रेंजर, अयोध्या प्रसाद शरणागत, वरिष्ठ लेखपाल,



दशरथ ऊपरीकर डिप्टी रेंजर, वाल्मीकि गोंडा ने, वर्तमान कर्मचारी श्रीमती नेहा पाटिल, कार्यालय सुपरीटेंडेंट , राजेंद्र प्रसाद जरगे, रेंजर लामता, श्रीमती ज्योत्सना खोबरागड़े रेंजर वारासिवनी, कमलेश कुमार खोबरिया रेंजर उकवा, विजय कुमरे, प्रभारी रेंजर लालबर्रा, लवकेश डोले लेखपाल, अंशुमन शर्मा लेखपाल, दुर्गेश शिवाले, कार्यक्रम संचालक, अजय पवार वनरक्षक, जहूर अली परिवहन प्रभारी एवं अन्य कार्य इन क्षेत्रीय कर्मचारियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

### बोले परियोजना परिक्षेत्र लामता



परियोजना परिक्षेत्र अधिकारी लामता राजेन्द्र जरगे ने मंच से अपनी बात रखते हुए कहा कि सभी परियोजना परिक्षेत्र अधिकारी को मुख्यालय में रहकर अपना कार्य करना चाहिए। मैं लामता में किराये का भवन लेकर पूरी ईमानदारी से अपना कार्य कर रहा हूं, मेरा सहायक परियोजना परिक्षेत्र तथा क्षेत्ररक्षक तथा एक-एक कर्मचारी मैदानी अमला जमीनी स्तर पर कार्य कर रहा हैं। मैं सभी परियोजना परिक्षेत्र से चाहता हूं कि वे भी अपने मुख्यालय में रहकर सेवा करें। निश्चित तौर पर वन विकास निगम में अवैध कटाई, वन्य प्राणी शिकार तथा रेती की चोरी पर अंकुश लगेगा। वहीं परियोजना परिक्षेत्र अधिकारी उकवा खोबरिया जी ने बालाघाट में कार्य करने का अनुभव साझा किया वहीं मंच के माध्यम से दुर्गेश शिवालय ने परियोजना परिक्षेत्र अधिकारी वारासिवनी ज्योत्सना खोब्रागढ़े को आयरन लेडी कहकर संबोधित किया गया तथा मेडम ने भी अपनी उद्बोधन में 4 वर्ष का अनुभव साझा किया। मेडम और विजय कुमरे की जोड़ी ने दर्जनों वाहनों पर कार्यवाही की तथा प्रकरण बनाये हैं। मेडम ज्योज्सना खोब्रागढ़े ने 50वें स्थापना दिवस के अवसर पर मंच से गीत भी गाया। दिल दिया हैं जान भी देंगे, ऐ वतन तेरे लिए, वहीं कर्मचारी संघ अध्यक्ष विजय कुमरे के द्वारा आभार प्रकट करते हुए पहुंचे सभी कर्मचारियों को धन्यवाद दिया गया। वहीं पूरे कार्यक्रम का मंच संचालन दुर्गेश शिवालय के द्वारा शानदार ढंग से किया गया।

## डॉक्टर गुप्ता का मनाया जन्मदिन

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** जिले सहित आस पास के जिले के गरीब असहाय मरीजों की निस्वार्थ भाव से सेवा रूपी ईलाज कर उन्हें नई जिदगी देने वाले बालाघाट की जाने माने चिकित्सक डॉ रोहित गुप्ता का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम से उनके चाहने वालों के साथ-साथ राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद बालाघाट ने एक त्योहार के रूप मे मनाया । सुबह मंदिर में डॉक्टर साहब के स्वस्थ्य जीवन के नाम से पूजा पाठ कर गरीबो को फल प्रसाद वितरित किया गया। सायं को आरोग्य अस्पताल में समस्त डॉक्टर



उपस्थित स्टाफ के साथ एक सादगीपूर्ण और गरिमामय कार्यक्रम के रूप मे जन्म दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में परिषद के सदस्यों ने भी पहुंचकर डॉ रोहित गुप्ता को बधाई दिया और उनके कुशल स्वस्थ्य जीवन के लिये सुभा कामनाएँ प्रेषित की गई। इस दौरान राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद बालाघाट के जिला अध्यक्ष राकेश सिंगारे महासचिव प्रकाश दुबे उपाध्यक्ष बृजेश मिश्रा मंत्री संदीप तिवारी सहित अन्य साथी उपस्थित थे ।

## योजना का लाभ लेने गर्भवती, धात्री माताएॅ अपना पंजीयन कराएॅ

**बालाघाट।** गर्भवती और स्तनपान कराने वाली धात्री माताओं को पोषण और स्वास्थ्य देखभाल के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना संचालित की जा रही है। इस योजना का उद्देश्य गर्भावस्था के दौरान महिलाओं को काम से आराम दिलाना और स्वस्थ बच्चे को जन्म देने में मदद करना, मातृत्व मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर को कम करना है। इस योजना में अधिक से अधिक पात्र महिलाओं को लाभान्वित करने के लिए जिले में 15 से 31 जुलाई 2025 तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

### बीज एवं उर्वरक के नमूने अमानक पाये जाने का मामला

## 3 विक्रेताओं के लायसेंस निरस्त, 1 का निलंबित

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** उपसंचालक कृषि एवं अधिसूचित प्राधिकारी फूलसिंह मालवीय ने प्रयोगशाला परीक्षण में बीज एवं उर्वरक के नमूने अमानक पाए जाने पर 03 विक्रेताओं के लायसेंस तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिये है और 01 विक्रेता का लायसेंस निलंबित कर दिया है। लालबर्रा विकासखंड के अंतर्गत मेसर्स बालाघाट फिशरीज फॉर्मर प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड मोहगांव (ध) से लिया गया एनपीके उर्वरक का नमूना प्रयोगशाला जांच में अमानक पाए जाने पर विक्रेता को 09 जुलाई को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया था। लेकिन उसके द्वारा किसी भी प्रकार का जवाब नहीं दिया गया है। जिसके कारण उर्वरक नियंत्रण अधिनियम के अंतर्गत इस फर्म का लायसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इस फर्म को उर्वरक विक्रय का लायसेंस जनवरी 2022 में जारी किया गया था जो 10 जनवरी 2027 तक के लिए वैध था।

परसवाड़ा विकासखंड के अंतर्गत मे. शक्ति ग्रीन इंडिया सेल्स एंड सर्विस चंदना, मे. ठाकरे कृषि केंद्र भोरवाही तथा किरनापुर विकासखंड के अंतर्गत मे. परमात्मा एक कृषि केंद्र पिपरटोला से लिये गए धान बीज के नमूने प्रयोगशाला जांच में अमानक पाये जाने पर इन विक्रेताओं को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया था। लेकिन उनके द्वारा समय सीमा में संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया है। जिसके कारण बीज नियंत्रण अधिनियम के अंतर्गत इन बीज विक्रेताओं का लायसेंस तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है।

मे. शक्ति ग्रीन इंडिया सेल्स एंड सर्विस चंदना से संगीता इंडिया प्रा.लि. कम्पनी का धान बीज एस-9001, मे. ठाकरे कृषि केंद्र भोरवाही से नामधारी सीड्स कम्पनी का धान बीज एनएस-111 तथा मे. परमात्मा एक कृषि केंद्र पिपरटोला से जियोलोजिक एग्रीसीड कम्पनी का धान बीज भवानी-ए-10006 का नमूना प्रयोगशाला जांच के लिए भेजा गया था। जांच में धान बीज के नमूने अंकुरण परिणाम के अनुसार अमानक स्तर के पाये गए है। मे. शक्ति ग्रीन इंडिया सेल्स एंड सर्विस चंदना को वर्ष 2023 में 08 जून 2028 तक के लिए, मे. ठाकरे कृषि केंद्र भोरवाही को वर्ष 2019 में 27 जून 2027 तक के लिए एवं मे. परमात्मा एक कृषि केंद्र पिपरटोला को वर्ष 2017 में 30 जुलाई 2030 तक के लिए बीज लायसेंस जारी किया गया था।


